# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर–रामानुजगंज, मुख्यालय बलरामपुर, (छ0ग0)

क्रमांक /690 /प्रयास/आ.वि./ई.ओ.आई./2026–27 बलरामपुर दिनांक 10 JUN 2026

## :– प्रेस विज्ञप्ति –:

**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय बलरामपुर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के कक्षा 9वीं, 10वीं ,11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन "रूचि की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण वर्ष 2026–27**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली वर्ष 2020 अंतर्गत सचांलित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय बलरामपुर जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण चयनित विद्यार्थियों के लिए कक्षा 09 वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में शालेय शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ अखिल भारतीय स्तर की इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की परीक्षाओं यथा एन.टी.एस.सी., विज्ञान पहेली जेईई (मेंस/एडवांस), एम्स, नीट, पीईटी इत्यादि जैसी होने वाली प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के बेसिक की तैयारी कराये जाने की योजना है।

इस योजना अन्तर्गत जिले में संचालित प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय बलरामपुर के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं, में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओ से ऑनलाईन **"रूचि की अभिव्यक्ति"** का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र. | प्रयास विद्यालय का नाम | वर्ष | कक्षा | विद्यार्थियों की संख्या (परिबर्तनीय) | संकाय (कक्षा 11वीं–12वीं हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय, बलरामपुर जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) | 2026–27<br>2027–28<br>2028–29<br>2029–30 | 9वीं<br>10वीं<br>11वीं<br>12वीं | 75 बा.+ 50क.<br>75 बा.+ 50क.<br>75 बा.+ 50क.<br>75 बा.+ 50क. | गणित एवं जीवविज्ञान संकाय (जेईई मेन्स, एडवांस, नीट) –125 सीट |

| | |
|---|---|
| (i) रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 12/06/2026 अपरान्ह 03.00 बजे से |
| (ii) रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting | 25/06/2026, अपरान्ह 2.00 बजे |
| (iii)निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 03/07/2026, अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| (iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन | 03/07/2026, अपरान्ह 04.00 बजे |
| (v) रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही/जानकारी की सूचना | पृथक से दी जायेगी। |

**टीप :– तकनीकि मूल्यांकन खोले जाने के पूर्व स्टडी मेटेरियल/मॉड्यूल जमा करना होगा।**

अन्य कार्यवाही की सूचना संबंधित प्राधिकारी/चयन समिति द्वारा पृथक से दी जायेगी। विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु जिले के वेवसाईट www.balrampur.gov.in पर एवं ई–प्रोक्योरमेंट वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/अवलोकन कर सकते है।

**(जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

ONLINE TENDER NO. 193013

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर–रामानुजगंज

पृ.क्रमांक /691 /प्रयास/आ.वि./ई.ओ.आई./2026–27 बलरामपुर दिनांक 10 JUN 2026

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन अटलनगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर बलरामपुर–रामानुजगंज को सादर सूचनार्थ।
3. सहायक संचालक, जन सम्पर्क, बलरामपुर को प्रकाशनार्थ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी.) बलरामपुर को सूचनार्थ कर लेख है कि जिले के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करेंगे।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर–रामानुजगंज